(ख) क्या गुजरात दूरदर्शन केन्द्र उद्योग, वन तथा अन्य विषयों पर वृत्त चित्र बनाने का विचार रखता है?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल) : (क) उन दूरदर्शन केन्द्रों (राज्यों) जिन्होंने विकास के सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्तर के वृत्त चित्र बनाए हैं और जिन्हें दूरदर्शन के राष्ट्रीय हुक अप पर 1-7-1985 से 30-6-1986 तक टेलीकास्ट किया गया है, उनके नाम हैं दूरदर्शन केन्द्र, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश), दूरदर्शन केन्द्र, बम्बई (महाराष्ट्र), दूरदर्शन केन्द्र, जालंधर (हिमाचल प्रदेश और पंजाब), दूरदर्शन केन्द्र, कटक (उड़ीसा), उपग्रह दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली (राजस्थान और मध्य प्रदेश), दूरदर्शन केन्द्र, बंगलौर (कर्नाटक), दूरदर्शन केन्द्र, श्रीनगर (जम्मू व काश्मीर), दूरदर्शन केन्द्र, कलकत्ता (पश्चिम बंगाल), दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), दूरदर्शन केन्द्र, मद्रास (तमिल नाड), दूरदर्शन केन्द्र, रांची (बिहार), दूरदर्शन केन्द्र, अहमदाबाद (गुजरात), दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली (दिल्ली और हरियाणा) और दूरदर्शन केन्द्र तिवेन्द्रम (केरल)।

(ख) जी, हां। गुजरात के दूरदर्शन केन्द्रों का 'संघ के राज्य' आदि धरावाहिकों के अन्तर्गत "समुद्र व्यापार", परिवर्तन-झिनझोरिया गांव, "गुजरात" जैसे विकास से सम्बन्धित विषयों पर वृत्त चित्र बनाने का प्रस्ताव है।

पीज दूरदर्शन केन्द्र

1064. श्री मीर्जा इर्शादबेग : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात का "पीज दूरदर्शन केन्द्र" कब बंद किया गया था ;

(ख) केन्द्र की मशीनरी तथा अन्य उपकरणों का किस प्रकार उपयोग किया जा रहा है; और

(ग) इस संबंध में गुजरात सरकार की मांग को पूरा न किए जाने के क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी०एन० गाडगिल) : (क) पीज का दूरदर्शन ट्रांसमीटर अहमदाबाद में 10 किलोवाट वाले दूरदर्शन ट्रांसमीटर के चालू हो जाने पर 25-7-85 को बंद कर दिया गया था, जो उस पूरे क्षेत्र में सेवा उपलब्ध करता है जिसमें पहले पीज ट्रांसमीटर द्वारा सेवा उपलब्ध की जाती थी।

(ख) और (ग) इस ट्रांसमीटर ने अपना अधिकांश उपयोगी जीवन पूरा कर लिया है। संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग करने के लिए इसका शेष अवधि के लिए उपयोग अन्य स्थान पर करने की योजना बनाई गई थी।

दूरदर्शन की क्षेत्रीय वाणिज्यिक सेवा

1065. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों तथा उन दूरदर्शन केन्द्रों के नाम क्या हैं जिन्हें दूरदर्शन की क्षेत्रीय वाणिज्यिक सेवा के अंतर्गत शामिल किया गया है;

(ख) इसे प्रति घंटा कितना समय दिया जाता है और उसके लिए किस दर से शुल्क लिया जाता है; और

(ग) देश के अन्य दूरदर्शन केन्द्रों को और विशेष रूप से अहमदाबाद केन्द्र को यह सुविधा कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल) : (क) निम्नलिखित दूरदर्शन केन्द्रों को

वाणिज्यिक सेवा टेलीकास्ट करने की सुविधाएं उपलब्ध की गई हैं :-

केन्द्र का नाम	राज्य का नाम
1. दिल्ली (राष्ट्रीय संजाल सहित)	संघ शासित क्षेत्र दिल्ली
2. बम्बई	महाराष्ट्र
3. कलकत्ता	पश्चिम बंगाल
4. मद्रास	तमिलनाडु
5. हैदराबाद	आंध्र प्रदेश
6. जलंधर	पंजाब
7. बंगलौर	कर्नाटक
8. श्रीनगर	जम्मू व काश्मीर
9. लखनऊ	उत्तर प्रदेश

(ख) इस रूप में कोई समय आवंटित नहीं किया जाता है। वर्तमान में वाणिज्यिक टेलीकास्ट के लिए कुल टेलीकास्ट समय का अधिकतम 5 प्रतिशत समय उपलब्ध है। विभिन्न केन्द्रों में वाणिज्यिक विज्ञापनों के लिए वसूल की जाने वाली दरें परिशिष्ट में दिए अनुसार हैं। [देखिए परिशिष्ट CXXXIX, अनुपत्र संख्या 64]

(ग) अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

Allotment of Flats Under HUDCO Pattern 1979 Scheme

1066. SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH : Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) the number of persons who got themselves registered for the allotment of flats under the HUDCO Pattern 1979 Scheme, Category-wise ;

(b) the number of persons who have been alloted flats in each category so far ;

(c) what is the number of flats under different categories, capacity wise and locality-wise, which are at present under construction in Delhi under the HUDCO Pattern 1979 Scheme and what is the likely cost each flat, category-wise and locality-wise ;

(d) by when these are likely to be completed and alloted to the regis trants ;

(e) whether it is a fact DDA has recently carried out a draw of all the remaining registrants;

(f) if so, what are the reasons thereof;

(g) whether the result of the above draw are published in the leading newspapers or the individual registrants were intimated ; and

(h) if not, what are the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH) : (a) The number of registrants, category-wise is as under :—

MIG	47521
LIG	67502
JANTA	56249
	171272

(b) The number of persons who have been alloted flats category-Wise is as under :—

MIG	9801
LIG	14709
JANTA	17499
Total :	42009